राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस नोट :–

दिनांक :– 05.11.2026

आयोग द्वारा कॉलेज शिक्षा विभाग के लिए सहायक आचार्य के विभिन्न 30 विषयों के पदों पर भर्ती हेतु जारी किये गये विज्ञापन संख्या 10/2025–26 दिनांक 18.09.2025 में अंकित पद क्रम संख्या 29 पर संगीत (वाद्य) विषय के 04 पद विज्ञापित करते हुए One Time Registration (OTR) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये एवं अभ्यर्थियों से अन्य कोई आवेदन शुल्क प्राप्त नहीं किया गया था।

प्रशासनिक कारणों से आयोग द्वारा जारी उक्त विज्ञापन के पद क्रम संख्या 29 पर अंकित संगीत (वाद्य) विषय के 04 पदों को प्रत्याहारित किया जाता है। इस **संबंध में आयोग की वेब–साईट पर शुद्धि पत्र संख्या 16/2026–27 जारी कर दिया गया है, जिसका अवलोकन** अभ्यर्थी आयोग की वेब–साईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते हैं।

(आशुतोष गुप्ता)
सचिव